महत्वपूर्ण एवं खास

बलवा और हत्या के प्रयास मामले के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़। होली के दिन जोगीडिपा और बापू नगर के युवकों के बीच नाचने-गाने के बीच झगड़ा मारपीट को लेकर दोनों पक्षों के विरूद्ध बलवा और हत्या का प्रयास का काउंटर मामला दर्ज किया गया है। मारपीट से घायल हुए कुछ आहत व आरोपी अस्पताल में भर्ती हैं तो कुछ आरोपी गिरफ्तारी से बचने फरार हैं। घटना को लेकर गवाहों ने बताया कि होली के दोपहर दोनों मोहल्ले के 10-15 लड़के एक दूसरे पर डंडा ,राड, पत्थर से प्राण घातक हमला कर कर चोट पहुंचाये हैं। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये स्टाफ और मुखबिर लगाकर रखा गया है। आज मामले के एक आरोपी रूपेंद्र सारथी पिता स्वर्गीय अमृत सारथी उम्र 27 साल निवासी जोगीडीपा थाना कोतवाली रायगढ़ को कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी रूपेंद्र सारथी से घटना में प्रयुक्त एक डंडा जप्त कर आरोपी को बलवा और हत्या के प्रयास मामले में रिमांड पर भेजा गया है।

शादी की बात से नाराज होकर युवक चढ़ा पेड़ पर, बुलानी पड़ी पुलिस

जांजगीर (आरएनएस)। जांजगीर जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां माता-पिता के द्वारा बार-बार शादी का दबाव और काम पर जाने के लिए कहने से नाराज बेटा पेड़ पर चढ़ गया। हालाँकि पुलिस के काफी मानमनौवल के बाद युवक को पेड़ से सुरक्षित उतारा गया। युवक का नाम रामकुमार केवट 21 वर्ष है। ये पूरा मामला 8 मार्च की रात मूलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम बनाहिल भाटापारा का है। यहां रहने वाला रामकुमार केवट पिता मंगलू केवट शराब के नशे में कौहा पेड़ के ऊपर चढ़ गया था। दरसअल, मंगलू केवट अपने बेटे रामकुमार की शादी करवाना चाहता है और उसी को लेकर अपने बेटे को काम पर जाने के लिए रोज कहता था। होली वाले दिन भी इसी बात को लेकर पिता ने रामकुमार से टोका-टाकी की। इस बात से नाराज रामकुमार शराब के नशे में अपने गांव के कौहा पेड़ पर चढ़ गया। इधर, इसकी जानकारी मिलने के बाद मूलमुला थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ रात करीब 7 बजे के आसपास मौके पर पहुंचे जिसके बाद थाना प्रभारी के समझाने के बाद युवक युवक को सुरक्षित पेड़ से उतारा गया।

प्रदेश के एक दो स्थानों पर वर्षा होने की संभावना

रायपुर (आरएनएस)। एक द्रोणिका उत्तर छग से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित होने के कारण दक्षिण छग में एक दो स्थानों पर वर्षा होने की सम्भावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आज 12 मार्च को, हवा की दिशा में परिवर्तन संभावित है। इसके कारण प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है वहीं प्रदेश में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किन्तु वृद्धि का क्रम लगातार जारी रहने की संभावना है तथा 14 मार्च या उसके के बाद प्रदेश में मौसम के मिजाज में परिवर्तन होने की सम्भावना है।

गौतम भादुड़ी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस बने

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस की नियुक्ति कर दी गई है. जस्टिस गौतम भादुड़ी कार्यवाहक चीफ जस्टिस बनाए गए हैं. वे जस्टिस अरूप कुमार गोस्वामी के रिटायरमेंट के बाद यह पद संभालेंगे। गौरतलब हो कि केंद्र सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा को चीफ जस्टिस बनाने की अनुशंसा की है. फिलहाल, जस्टिस भादुड़ी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस के बाद सबसे सीनियर हैं, इसलिए उन्हें कार्यवाहक चीफ जस्टिस बनाने का आदेश जारी किया गया है।

प्लांटकर्मी से मोटर सायकल और रुपए लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपियों से लूटा हुआ मोटर सायकल और नकदी रकम जब्त
- लूट के अपराध में छाल पुलिस ने आरोपियों को भेजा रिमांड पर : एक आरोपी फरार, तलाश जारी

रायगढ़। थाना छाल क्षेत्र अंतर्गत नावापारा सबएरिया के पास 09 मार्च की रात्रि तीन युवकों द्वारा एक मोटर सायकल चालक से उसकी मोटर सायकल और नकद रकम 20,000 रूपये लूटपाट के मामले में छाल पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों से पीड़ित युवक से लूटी हुई पल्सर बाइक और 2,000 रूपए जप्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

कल दोपहर थाना छाल में ग्राम पोटापानी थाना पाली जिला कोरबा का रहने वाला हरिलाल यादव (उम्र 27 वर्ष) लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज कराते हुये बताया कि रायगढ जिंदल प्लांट में लाईन मेंन्टनेश का काम करता है। 09 मार्च की रात्रि अपने पल्सर मोटरसाइकल सीजी 13 AB- 4143 से ग्राम कीदा अपने रिस्ते का चाचा यहां आया था, जहां से रायगढ़ जाने के लिए निकला, करीब 8-9 बजे सबएरिया ऑफिस के पास एक लकड़ा रोड में लिफ्ट के लिये हाथ दिखाने पर रुक गया। इतने में रोकने वाला लड़का अपने पकेट से ब्लेड निकाला और रूपये निकालो कहने लगा। उसी समय उसके दो और साथी आ गये। तीनों पाकिट में रखे 20,000/- रूपये और बाइक को लूटकर भागने लगे। घटना सबएरिया ऑफिस आकर ड्यूटी में रहे गार्ड को बताया और चाचा को बुलाकर उनके घर रात में रूका। सुबरे सबएरिया ऑफिस आकर पता करने पर लूटपाट करने वाले लड़कों का नाम विकास सारथी, नवीन आजाद और उनके एक साथी का पता चला।

पीड़ित के रिपोर्ट पर थाना छाल में आरोपियों के विरूद्ध धारा 394 आईपीसी का अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी छाल उपनिरीक्षक बीएस डहरिया ने वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराये और एसडीओपी खरसिया के मार्गदर्शन पर अपने स्टाफ के साथ आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया गया। शीघ्र ही मुखबीर सूचना पर दो आरोपी विकास सारथी, नवीन आजाद को छाल में घूमते हुए हिरासत में लिया गया। दोनों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ लूटपाट की घटना कारित करना स्वीकार किए और बताएं कि लूट के रु.20,000 और मोटर सायकल में से मोटर सायकल और रु.1,000 विकास रखा रु.1,000 नवीन आजाद को मिला और बाकी रु.18000 उसका साथी के पास है। थाना प्रभारी दोनों आरोपी (1) विकास सारथी पिता स्वर्गीय राजेश सारथी उम्र 25 साल निवासी नावापारा थाना छाल (2) नवीन आजाद पिता रमेश आजाद उम्र 24 साल निवासी कोटेतरा थाना जैजेपुर जिला सक्ती के मेमोरेंडम पर नगद रु.1000-रु.1000 और लूटी हुई मोटरसाइकिल पल्सर सीजी 13 AB- 4143 बरामद किया गया है। लूट के अपराध में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है तथा फरार आरोपी की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के दिशा निदेर्शन तथा एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय के मार्गदर्शन पर आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी छाल उपनिरीक्षक बीएस डहरिया, प्रधान आरक्षक छवि पटेल, आरक्षक हरेंद्र पाल सिंह, दिलीप सिदार, अशोक चौहान और राजा राम राठिया की अहम भूमिका रही है।

वंदे भारत ट्रेन पर पथराव करने वाला किशोर पकड़ाया

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में भी वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी करने का मामला सामने आया है। मामले में रेलवे पुलिस ने एक किशोर को पकड़ा है।

मिली जानकारी के अनुसार नागपुर- बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में सरोना- रायपुर के मध्य किसी किशोर द्वारा पत्थरबाजी करने की सूचना पर सउनि डी के वर्मा एवं प्रधान आरक्षक जे एल कौशल तुरन्त घटना स्थल पर पहुंचे तथा आस- पास क्रिकेट खेल रहे बच्चों से घटना के सम्बंध में जानकारी ली। जिसमें पता चला कि एक बालक कृष्णा दास मानिकपुरी पिता- डैनी दास मानिकपुरी उम्र' 15 वर्ष निवासी .बीएसपीयू कालोनी जरवाय थाना कबीरनगर निवासी का नाम सामाने आया जिस पर पुलिस ने किशोर को पकडक़र पूछताछ की तो उसने वंदे भारत ट्रेन में मस्ती मस्ती में कांच तोडने के लिये पत्थर मारने की बात स्वीकार की। जिसके बाद पुलिस ने किशोर को अभिरक्षा में लेकर उसके माता-पिता के साथ रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया तथा बालक को रेल्वे अधिनियम के धारा 153 का दोषी पाते हुये उसे अभिरक्षा में लेकर धारा 153 रेल्वे अधिनियम दर्ज किया गया।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने बरमकेला के गौठानों का किया निरीक्षण

- निर्माणाधीन कार्यों को आगामी एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के दिए निर्देश

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी द्वारा विगत दो दिनों से जिले के विभिन्न गौठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज उन्होंने सुबह 8 बजे ही बरमकेला स्थित रीपा गौठानों का निरीक्षण किया। जिले के चयनित रीपा गौठानों में आजीविका संबंधी गतिविधियाँ शीघ्रता से प्रारंभ हो सके एवं इस योजना का लाभ लोगों को जल्द से जल्द मिले, इस हेतु कलेक्टर डॉ सिद्दीकी द्वारा स्वयं लगातार गौठानों का निरीक्षण कर निर्माणाधीन कार्यों में गति लाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर द्वारा लगातार शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर प्राथमिकता से कार्य करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है एवं कार्यों का नियमित अपडेट लिया जा रहा है।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने आज बरमकेला स्थित सहजपाली गौठान का निरीक्षण किया, उन्होंने गौठान में शेड निर्माण के कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए और इसके अलावा आजीविका संबंधी लिए जा रहे कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने को कहा। सहजपाली गौठान में शेड निर्माण किया जा रहा है जिसमें क्रमश: थैला(कैरी बैग), बेकरी एवं मछली पालन का कार्य लिया जाना है, कलेक्टर ने इन कार्यों को आगामी एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात् कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने कंडोला रीपा गौठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपस्थित सरपंच को बिना किसी लापरवाही के समय पर निर्माण कार्यों को पूरा करने को कहा। कंडोला गौठान में थैला (कैरी बैग), पेवर ब्लॉक और सीमेंट पोल हेतु शेड निर्माण का कार्य पूर्ण होने की दिशा में अग्रसर है। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने यहां भी निर्माणाधीन कार्यों को आगामी एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए गौठानों में संचालित किए जा रहे आजीविका संबंधी गतिविधियों को शीघ्रता से प्रारंभ करने को कहा। उक्त निरीक्षण के दौरान बरमकेला जनपद सीईओ नीलाराम पटेल एवं ग्राम पंचायत के सदस्य, सरपंच एवं गौठान समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने सरिया शासकीय स्कूलों का किया निरीक्षण9

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सरिया स्थित शासकीय कन्या शाला एवं बॉयज स्कूल का निरीक्षण किया, जहां बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से चल रही थी। इसके अलावा कलेक्टर ने बॉयज स्कूल में निरीक्षण के दौरान पर्याप्त रोशनी के अभाव को देखते हुए लाइटिंग की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया ताकि परीक्षार्थियों को रोशनी की समस्या न हो। इस अवसर पर

सामान सप्लाई करने का एडवांस पैसा लेकर बोगस बिल देकर 41 लाख रुपए की धोखाधड़ी

रायगढ़। थाना कोतवाली में गोल चौक डंगनिया रायपुर निवासी ईश्वर प्रसाद पटेल (45 वर्ष) लिखित आवेदन देकर बिजली के सामान सप्लाईल के लिये कोतरारोड स्थित सोनल इंटरप्राइजेस के संचालक विशेष अग्रवाल पर 45 लाख रूपये वापस ना कर धोखाधड़ी की शिकायत किया गया है। मामले में आरोपी पर धोखाधड़ी (धारा 420 आईपीसी) का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

शिकायतकर्ता के आवेदन के अनुसार ईश्वर प्रसाद पटेल वर्तमान में छत्तीसगढ़ विद्युत मंण्डल में ठेकेदारी का काम करता है। वर्ष 2021 में रायगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में बिजली का काम कराने के लिये, बिजली के सामान सप्लाईल के लिये, कोतरारोड़ स्थित सोनल इंटरप्राइजेस के संचालक विशेष अग्रवाल इनसे संपर्क किया जिससे सामान क्रय करने के संबंध में बात हुई। विशेष अग्रवाल के द्वारा ईश्वर पटेल से एडवांस रूपये की मांग करने पर ईश्वर पटेल ने वर्ष 2021 में जुलाई से अक्टूबर के बीच अलग-अलग तिथियों में नगद और बैंक खाते में जमा कराकर कुल 1 करोड 67 लाख रूपये दिया गया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि रूपये प्राप्त करने के बाद भी विशेष अग्रवाल माल सप्लाई न कर उसके द्वारा फर्जी बिल मेल किया जाता रहा। इसी कारण ध्यान नहीं दिये पर उसी साल पता चला कि विशेष अग्रवाल के द्वारा कोई भी समान सप्लाई नही किया गया है। विशेष अग्रवाल से प्राप्त पक्के बिलों को जीएसटी कार्यालय में जमा कराये जाने के बाद जीएसटी अधिकारीयों द्वारा छान बीन किये तो पता चला कि विशेष अग्रवाल के द्वारा दिया गया बिल भी बोगस है। उन बिलों के कारण जीएसटी विभाग के द्वारा 65 लाख रूपये फाईन भी वसूला गया।

इस घटना के बाद विशेष अग्रवाल से मिलकर उसके साथ व्यापार करने से मना किया और रूपये वापस मांगा तो उसने अलग अलग किस्तों में 1 करोड़ 26 लाख रूपये वापस कर दिया है, परन्तु 41 लाख रूपये को अभी तक वापस नही किया है, अनाकानी कर रहा है। इस तरह विशेष अग्रवाल के द्वारा सामान सप्लाई करने का एडवांस पैसा लेकर बोगस बिल देकर 41 लाख रूपये की धोखाधडी की गई है। शिकायत आवेदन पर आरोपी विशेष अग्रवाल पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है, आरोपी फरार है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे मुखबिर व स्टाफ आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए लगाकर रखा गया है।

ढाबे पर खड़ी एक्सीडेंटल बाइक की चोरी

- बाइक का नंबर प्लेट बदल कर आरोपी कर रहा था इस्तेमाल
- भूपदेवपुर पुलिस की कार्यवाही में आरोपी चोरी और धोखाधड़ी के अपराध में गया जेल

रायगढ़। भूपदेवपुर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के बाद नंबर प्लेट बदलकर इस्तेमाल कर रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चोरी और धोखाधड़ी के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। घटना को लेकर मोटर सायकल मालिक सुख लाल यादव (उम्र 40 साल) आज थाना भूपदेवपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि जिला जांजगीर चांपा के जांजगीर डबरीपार का रहने वाला है और वर्तमान में ग्राम उच्चभिट्ठी रायगढ में रहकर जिंदल कंपनी श्रमिक का कार्य कर रहा है। चार साल पहले जांजगीर में HF डिलक्स रजि0 नं0 CG-11 AR-0646 खरीदा था जिसमें ड्यूटी आना जाना करता था। दिनांक 30.09.2022 को घर जाते समय शाम लगभग 07.30 बजे NH-49 में ग्राम चारभांठा के पास पत्थर से टकरा कर गिर जाने से सिर में चोंट आया था, घटना समय भीड लग गया। डायल 112 वाहन खरसिया अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। मोटर सायकल को ढाबा किनारे खड़ा कर दिये थे। दूसरे दिन सुबह मोटर सायकल लेने दुर्घटना स्थल पहुंचा तो ढाबा के पास मोटर सायकल नहीं थी, कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था। मोटर सायकल चोरी की जानकारी अपने परिचितों को दिया था और अपने स्तर पर खोजबीन कर करे थे कि कुछ दिन पहले मोटर सायकल को किरोडमल नगर रायगढ जिंदल प्लांट के मोटर सायकल स्टैण्ड पार्किंग में खडी थी पर रजिस्टर नं CG-11 AR-0646 के जगह CG-11 AR-8646 लिखा हुआ था। तब वहीं पर छिपकर देख रहे थे कुछ देर बाद एक लड़का आया और चाबी लगाकर मोटर सायकल स्टार्ट किया जिसे रोक कर पूछने पर अपना नाम दीपक पटेल, डोंगीतराई थाना भूपदेवपुर का रहने वाला बताया और मोटर सायकल के बारे में सही जानकारी नही बता रहा था। थाना भूपदेवपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना प्रभारी भूपदेवपुर उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे ने अपने स्टाफ के मार्फत संदेही दीपक पटेल को तलब किये। कड़ी पूछताछ में संदेही दीपक ने चारभाठा ढाबा के पास से मोटर सायकल चोरी करके लाना और नम्बर प्लेट बदलकर स्वंय चलाना बताया। आरोपी दीपक पटेल पिता रमेश्वर पटेल उम्र 27 वर्ष साकिन डोंगीतराई पर थाना भूपदेवपुर में धोखाधड़ी और चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर रिमांड पर भेजा गया, जिसका जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

सूने मकान से बर्तनों की चोरी करने वाले दो आरोपियों को रैरूमाखुर्द पुलिस ने किया गिरफ्तार

- आरोपियों से चोरी किया सारा सामान बरामद, भेजे गए रिमांड पर

रायगढ़। पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द प्रभारी उप निरीक्षक मान कुंवर सिदार द्वारा दिनांक 11.03.2023 को मांझीपारा, रैरूमाखुर्द गांव के सुने मकान से बर्तनों की चोरी करने वाले गांव के दो आदतन चोर कार्तिक राम मांझी और प्रदीप बेहरा को गिरफ्तार कर उनसे चोरी किया हुआ सारे कांस के बर्तनों को बरामद किया गया और नकबजनी के अपराध में रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक आज सुबह ग्राम मांझीपारा की श्रीमति हिरमत बाई मांझी (उम्र 50 वर्ष) पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 19/02/2023 को अपने घर में ताला लगाकर बेटी का शादी करने ग्राम ऐडु, छाल गई थी। दो दिन बाद दिनांक 21/02/2023 को घर वापस आने पर देखी घर के अन्दर से एक बोरा धान, एक कांस की थाली, एक कांस का लोटा, एक बटकी और नकद 5,000/- रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। इसकी जानकारी के लोगों को देने पर सभी शंका किये कि गांव का ही प्रदीप बेहरा ही छोटी-छोटी सामानों को गांव से चोरी करता है। शंका के आधार पर प्रदीप बेहरा से पूछताछ किये तब प्रदीप बेहरा गांव के कार्तिक मांझी के साथ चोरी करना स्वीकार किया। दिनांक 27/02/2023 को गांव की मीटिंग में प्रदीप बेहरा चोरी सामान का उतना ही पैसा वापस कर दूंगा कहने पर समझौता कर ली पर अब तक रूपये नहीं देने और टाल मटोल करने पर प्रदीप बेहरा व कार्तिक मांझी के विरूद्ध अपराध दर्ज करायी। रिपोर्ट पर चौकी प्रभारी एसआई मान कुंवर द्वारा आरोपियों के विरूद्ध धारा 457, 380, 34 आईपीसी का अपराध दर्ज कर अपने स्टाफ के साथ मांझीपारा रैरूमाखुर्द दबिश देकर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर चौकी लाया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किये जिनके मेमोरेंडम पर चोरी किया 01 कांस का थाली, 01 कांस का लोटा, 01 कांस का बटकी बरामद कर जब्त किया गया है। आरोपी (1) कार्तिक राम मांझी पिता फिर साय मांझी उम्र 42 साल (2) प्रदीप बेहरा पिता हरिराम बेहरा 34 साल दोनों निवासी रैरूमाखुर्द मांझीपारा चौकी रैरूमाखुर्द थाना धरमजयगढ़ के कृत्य पर नकबजनी के अपराध में दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

होली मनाने ससुराल जा रहे पुलिस आरक्षक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

जशपुर (आरएनएस)। जशपुर जिले के तपकरा थाना क्षेत्र में देर रात बड़ा हादसा हुआ। तपकरा और कुनकुरी के बिच स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें एक पुलिस आरक्षक कि घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पुलिस आरक्षक बलौदा बाजार के पुलिस लाइन में वायरलेस के पद पर कार्यरत था। जिसका नाम युगल किशोर सिन्हा बलौदा बाजार का निवासी था, जो होली मनाने अपने ससुराल तपकरा थाना के जामबहार गांव को निकला था, लेकिन ससुराल पहुंचने से पहले ही कार रोड से अनियंत्रित होकर रोड

किनारे एक बड़े गड्ढे में जा गिरी और उस गड्ढे से लगे पेड़ में टकराई।

हादसे में कार पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई । घटना को देखते राहगीरों ने तत्काल तपकरा थाना प्रभारी एस आर भगत को जानकारी दी, वहीं मामले को गंभीरता से देखते हुए पुलिस प्रशासन घटनास्थल पहुंचकर चालक को जो बुरी तरह कार में फंसा था। उसे निकाल कर बाहर किया गया, लेकिन निकालने के बाद चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी।

गाड़ी में मिले दस्तावेज के अनुसार और चालक के जेब में मिले डॉक्यूमेंट के आधार पर उसकी पहचान बलौदा बाजार के युगल किशोर सिन्हा के रूप में हुई जो वायरलेस के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से शव को पोस्टमार्टम के लिए कुनकुरी भिजवाया । वही घटना की ख़बर के बाद परिजनो में शोक की लहर है।

रायगढ़ पुलिस के 'जनचेतना' शिविर का धरमजयगढ़ के खम्हार से शुभारंभ

- एसएसपी सदानंद कुमार पहुंचे कापू-धरमजयगढ़ की सीमा से लगे खम्हार गांव

रायगढ़। दूरस्थ थानों के औचक निरीक्षण पर निकले रायगढ़ एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा रायगढ़ पुलिस के "जनचेतना" नाम से जागरूकता अभियान की शुरुवात स्वयं धरमजयगढ़ और कापू थाने की सीमा पर बसे गांव खम्हार जाकर की गई। जागरूकता शिविर की शुरुवात में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय सरपंच, ग्रामजनों के साथ मिलकर शहीद लक्ष्मी नारायण राठिया के माता पिता का अभिवादन करते हुए सर्वोच्च बलिदान हेतु उनका अभिनंदन किया गया और शहीद लक्ष्मी नारायण राठिया के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किये।

अपने संबोधन में एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा ग्रामजनों को जनचेतना शिविर आयोजित करने का उद्देश्य बताये कि जनचेतना शिविर मुख्यतः तीन बिंदुओं पर नागरिकों में जागरूकता प्रसारित करने पर आधारित है - (1) साइबर फ्रॉड के तरीके और उनसे बचने के उपाय (2) नशामुक्ति का महत्व और नशे के सेवन के दुष्परिणाम (3) यातायात नियमों संबंधी जागरूकता।

जनचेतना शिविर के मंच से उनके द्वारा ग्रामजनों को वर्तमान में हो रहे साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी देकर उन्हें अपने बैंक खाते, एटीएम, OTP तथा अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति को मोबाइल पर शेयर करने से मना कर बताए कि बैंक से कभी भी ओटीपी या केवाईसी अपडेट के लिए फोन नहीं किया जाता बैंक संबंधी कोई भी कार्य हो तो स्वयं बैंक जाकर करावें। उन्होंने साइबर ठगों द्वारा किए जाने वाले कॉल जो नौकरी लगाने, इनामी कूपन, मोबाइल टावर लगाने इत्यादि के नाम पर कर लोगों से धोखाधड़ी करते हैं, इस संबंध में ग्रामवासियों को जानकारी दिए और ऐसे कॉल से बचें, किसी लालच में ना आए। दुर्भाग्यवश ऐसी धोखाधड़ी की घटना घटती है तो तत्काल अपने बैंक जाकर खाता होल्ड कराएं और पुलिस में शिकायत दें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों से चर्चा में बताएं कि क्षेत्र में घटित अपराधों की समीक्षा में वे पाये कि अधिकतर मामलों में आरोपी द्वारा क्षणिक आवेश में अपराध कारित किया गया है जिसका कहीं ना कहीं एक कारण नशा भी है। नशा सभ्य समाज की विकास में बाधा है, नशा से हमारे नवयुवकों को दूर रखना है इसलिए गांव में अवैध शराब बनने ना दें।अवैध शराब बिक्री करने वालों की सूचना पर पुलिस को दें, पुलिस कड़ी कानूनी कार्यवाही करेगी। सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रहवासियों को बताया गया कि अपनी सावधानी से काफी हद तक सड़क दुर्घटना बचा जा सकता है। उन्होंने हमेशा हेलमेट लगाकर दुपहिया वाहन चलाने लोगों को प्रेरित किया और उन्होंने वाहन चलाते समय अपने आवश्यक कागजात मोबाइल पर अथवा उनके जेरॉक्स (फोटोकॉपी) साथ रखने कहा गया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को दिगर प्रांत काम करने जाने के पहले गांव के सरपंच, पंच को संपूर्ण जानकारी देने कहा गया जिससे किसी प्रकार की आवश्यकता, मदद पर पुलिस उनसे संपर्क कर सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को आपस में मिलजुल कर रहने और किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिए स्थानीय थाना प्रभारी, एसडीओपी धरमजयगढ़ को संपर्क करने बताया गया। जन चेतना जागरूकता शिविर में एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक सीताराम ध्रुव, थाना धरमजयगढ़ का स्टाफ, ग्राम खम्हार के सरपंच, पंच तथा काफी संख्या में गांव के महिला पुरूष उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480